दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, मंगलवार 24 अगस्त 2021 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-03, अंक- 324

## भारत के वॉटर स्पोर्ट्स खिलाड़ियों को टोक्यो पैरालंपिक खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का भरोसा

» तीनों खिलाड़ी टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) का हिस्सा हैं



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत के तीन सदस्यीय वॉटर स्पोर्ट्स टीम में दो पुरुष तैराक और एक महिला कैनो स्प्रिंट खिलाड़ी शामिल हैं। इन खिलाड़ियों को भरोसा है कि वे टोक्यो पैरालंपिक खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सक्षम होंगे। सुयश जाधव का यह दूसरा पैरालंपिक खेल है जबकि निरंजन मुकुंदन और प्राची यादव पहली बार पैरालंपिक खेलों में हिस्सा ले रहे हैं। तीनों खिलाड़ी टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) का हिस्सा हैं।

जकार्ता में 2018 एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की 50 मीटर बटरफ्लाई एस7 (32.71 सेकंड) में जीत के साथ सुयश जाधव ने टोक्यो पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया था। साथ ही जकार्ता में पुरुषों की 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले एसएम7 (2:51.39) में कांस्य पदक के साथ भी उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक खेलों की इस स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया है।

इस समय पुणे में खेल एवं युवा मामलों के निदेशालय, महाराष्ट्र में एक तैराकी कोच के रूप में कार्यरत सुयश अपने कोच तपन पाणिग्रही की देखरेख में बालेवाड़ी स्टेडियम में प्रशिक्षण लेते रहे हैं। उन्हें भारत सरकार ने विदेशों में खेलने के अवसर संबंधी सहायता प्रदान की जिसके साथ उन्होंने पांच से अधिक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया। उन्हें खेल किट और खेल विज्ञान संबंधी सहायता के साथ राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों में भाग लेने का भी मौका दिया गया। 11 साल की उम्र में बिजली का झटका लगने के बाद सुयश के हाथों को शरीर से अलग करना पड़ा था। 2016 के पैरालंपिक खेलों के बाद, उन्होंने 2018 में इंडोनेशिया में एशियाई पैरा खेलों में एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीते। उन्हें 2018 में एकलव्य पुरस्कार और 2020 में अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

जहां सुयश की 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले एसएम7 प्रतिस्पर्धा 27 अगस्त को होनी है, वहीं वह 3 सितंबर को पुरुषों की 50 मीटर बटरफ्लाई एस7 प्रतिस्पर्धा में फिर से निरंजन मुकुंदन के साथ उतरेंगे। रिकॉर्ड की बात करें तो मुरलीकांत पेटकर हाइडिलबर्ग, जर्मनी में 50 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीतकर एक पैरालंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं।

इस महीने की शुरुआत में, 26 वर्षीय बैंकर निरंजन को इंटरनेशनल पैरालंपिक समिति द्वारा खेलों में द्विदलीय स्थान आवंटित किया गया था। वह 60 से ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं और 50 पदक के आंकड़े को पार करने वाले एक मात्र पैरा तैराक हैं। निरंजन को विदेश में तैयारी से जुड़ी यात्राओं के साथ खेल विज्ञान समर्थन और राष्ट्रीय कोचिंग शिविरों में भागीदारी के रूप में सरकार से सहायता मिल चुकी है।

स्पाइनल बाइफिडा और क्लब्ड फीट के साथ जन्मे, निरंजन पैरालंपिक में अपनी छाप छोड़ने को उत्सुक हैं, उन्होंने अपनी दादी को खोने के कुछ महीने के बाद कोविड-19 पॉजिटिव होने के बावजूद महामारी के दौरान बंगलुरू में जॉन क्रिस्टोफर से प्रशिक्षण हासिल किया।

## भारतीय सेना ने पांच महिला अधिकारियों को कर्नल पद पर पदोन्नत किया



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय सेना के चयन बोर्ड ने सेना में 26 साल की मानद सेवा पूरी करने के बाद पांच महिला अधिकारियों को कर्नल (टाइम स्केल) के पद पर पदोन्नत करने का निर्णय लिया है। ऐसा पहली बार हो रहा है जब कॉर्प्स ऑफ सिग्नल्स, कॉर्प्स ऑफ इलेक्ट्रॉनिक एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स (ईएमई) और कॉर्प्स ऑफ इंजीनियर्स में सेवारत महिला अधिकारियों को कर्नल के पद पर पदोन्नत करने को मंजूरी दी गई है। इससे पहले, कर्नल के पद पर पदोन्नति केवल सैन्य चिकित्सा सेवा इकाई (एएमसी), जज एडवोकेट जनरल (जेएजी) और सैन्य शिक्षा कोर (एईसी) में कार्यरत महिला अधिकारियों के लिए ही लागू होती थी।

भारतीय सेना की अधिक से अधिक शाखाओं में पदोन्नत होने का विस्तार करना महिला अधिकारियों के लिए इस क्षेत्र में करियर के बढ़ते अवसरों का संकेत है। भारतीय सेना की अधिकाश शाखाओं में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने के निर्णय के साथ ही यह फैसला सैन्य सेवाओं में लैंगिक समानता के प्रति भारतीय सेना के सकारात्मक दृष्टिकोण को परिभाषित करता है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रधानमंत्री ने विश्व अंडर 20 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप पदक जीतने पर एथलीटों को बधाई दी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व अंडर 20 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप नैरोबी 2021 में पदक जीतने वाले एथलीटों को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा; रफ्तार एवं और सफलता का चयन! इस चैम्पियनशिप ड्ढ विश्व अंडर 20 नैरोबी21 में 2 रजत पदक और कांस्य पदक घर लाने वाले हमारे एथलीटों को बधाई। एथलेटिक्स पूरे भारत में लोकप्रियता हासिल कर रहा है और यह आने वाले समय के लिए एक बहुत ही अच्छा संकेत है। कठिन परिश्रम करने वाले हमारे एथलीटों को शुभकामनाएं।

### जम्मू के अरनिया सेक्टर फिर में दिखा ड्रोन, बीएसएफ जवानों ने दागी गोली

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में अंतराष्ट्रीय सीमा के पास के अरनिया सेक्टर में सोमवार की सुबह लगभग 5:30 बजे एक ड्रोन को उड़ता देखा गया। इस बात की जानकारी देते हुए बीएसएफ ने बताया कि सुबह नियंत्रण रेखा और अंतराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर तैनात हमारे सैनिकों को आसमान में एक चमकती लाल और पीली रौशनी दिखाई दी। हमारे सैनिकों ने जब पाया कि यह रौशनी उड़ती हुई ड्रोन की है तो उन्होंने उसपर तुरंत 25 एलएमजी गोलियां दागीं जिससे वह कुछ कुछ पर पहुंचा और फिर पाकिस्तान की ओर चला गया। गौरतलब है कि घुसपैठ की कोशिशों में नाकाम रहने के बाद पाकिस्तान ड्रोन के जरिए आतंकी हमले की साजिश रच रहा है। पंजाब और जम्मू कश्मीर में आए दिन पाकिस्तान ड्रोन भेज रहा है। खुफिया सूत्रों से जानकारी मिली है कि कश्मीर में भारतीय सीमा के करीब शकरगढ़ इलाके में पाकिस्तान ने आतंक फैलाने के लिए ड्रोन का कंट्रोल रूम भी तैयार किया है। सूत्रों का कहना है कि यहीं से ड्रोन के जरिए आतंकी हमले की योजनाएं बनाई जा रही हैं। पिछले दो महीने में दर्जन भर से अधिक संदिग्ध ड्रोन दिखाई देने की घटनाएं सामने आई हैं। खुफिया एजेंसियां लगातार अलर्ट पर हैं।

### गुब्बारा भरने वाला सिलेंडर फटने से 2 लोगों की दर्दनाक मौत और 4 घायल

**वाराणसी (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में गुब्बारा भरने वाला सिलेंडर फटने से दो लोगों की मौत हो गई. वहीं इस घटना में 4 लोग घायल हुए हैं. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है. बता दें कि हादसा इतना भीषण था कि घायलों के शरीर की उंगलियां तक उखड़ गई. दिल दहला देने वाली ये घटना रामनगर के पास हुई. आदमपुर का रहने वाला एक शख्स पिछले कई महीनों से गुब्बारे बेचने का काम करता था. रविवार शाम को जब वह गुब्बारे में हवा भर रहा था तभी अचानक सिलेंडर फटने से हादसा हो गया. तेज धमाके के साथ ही सिलेंडर फट गया. इस हादसे में राखी बांधकर वापस लौट रही गीता देवी, कल्लू, अलिया, बबलू,नवीन घायल हो गए. वहीं गुब्बारे बेचने वाले शख्स की मौके पर ही मौत हो गई. घायल गीता देवी ने भी इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में दम तोड़ दिया.

### न्यूजीलैंड में बढ़ाया गया लॉकडाउन

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड सरकार ने सोमवार को कहा कि वह कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए कम से कम शुक्रवार तक राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन जारी रखेगी। स्वास्थ्य अधिकारियों के कोविड-19 के 'डेल्टा' स्वरूप के 35 नए मामले सामने आने की जानकारी देने के बाद यह खबर सामने आई है। न्यूजीलैंड में पिछले साल अप्रैल से किसी एक दिन में सामने आए ये सर्वाधिक मामले हैं। पिछले सप्ताह मामले बढ़ने शुरू हुए थे और अभी तक देश में 107 मामले सामने आ चुके हैं। प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने कहा कि ऑकलैंड में कम से कम इस महीने के अंत तक लॉकडाउन जारी रहेगा, जहां ज्यादातर मामले सामने आए हैं। जैसिंडा अर्डर्न ने कहा, '' हमें अभी और जानकारी हासिल करनी है। हमें और अधिक निश्चित होने की आवश्यकता है। हम 'डेल्टा' स्वरूप को लेकर कोई लापरवाही नहीं बरतना चाहते।

## अफगानिस्तान से लौटे 146 भारतीय नागरिकों में से 2 यात्री कोरोना पॉजिटिव

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अफगानिस्तान से निकाले गए भारत के 146 भारतीय नागरिक कतर की राजधानी से चार अलग-अलग विमानों के जरिये सोमवार को भारत पहुंचे. इन नागरिकों को अमेरिका और उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के विमान के जरिए पिछले कुछ दिन में काबुल से दोहा ले जाया गया था. इन यात्रियों में से दो की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है. अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद तनावग्रस्त देश में फंसे अपने नागरिकों और अफगान भागीदारों को निकालने के भारत के अभियान के तहत इन लोगों को दिल्ली लाया गया. काबुल में निकासी अभियान शुरू करने के बाद दोहा से भारत लाया गया यह भारतीयों का दूसरा जत्था है. इससे पहले, रविवार को दोहा से एक विशेष विमान के जरिये 135 भारतीय दिल्ली पहुंचे थे. दोहा से स्वदेश लौटे भारतीयों के दूसरे जत्थे में से 104 लोगों को 'विस्तारा' की उड़ान से, 30 को 'कतर एयरवेज' और 11 को 'इंडिगो' की उड़ान से वापस लाया गया. एक व्यक्ति 'एअर इंडिया' की उड़ान से भी लौटा.अफगानिस्तान की राजधानी से अपने नागरिकों को बाहर निकालने के अपने प्रयासों के तहत भारत तीन उड़ानों के जरिए दो अफगान सांसदों समेत 392 लोगों को रविवार को देश वापस लाया था. अमेरिकी सैनिकों की स्वदेश वापसी की पृष्ठभूमि में तालिबान ने अफगानिस्तान में इस महीने तेजी से अपने पांव पसारते हुए राजधानी काबुल समेत वहां के अधिकतर इलाकों पर कब्जा जमा लिया है.

## भक्तों के लिए खुला पुरी का जगन्नाथ मंदिर

» श्रद्धालुओं को दिखानी होगी फुल वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट या कोविड टेस्ट रिपोर्ट



**भुवनेश्वर (आरएनएस)।** पुरी स्थित प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर करीब चार महीने तक बंद रहने के बाद सोमवार को खुल रहा है. इससे एक दिन पहले, रविवार को पुलिस ने श्रद्धालुओं से अपील की थी कि वे मंदिर जाने के अपने अनुभव को पुलिस के साथ साझा करें. पुलिस सूत्रों ने बताया कि श्रद्धालु मंदिर में पुलिस सेवा को अपने अनुभवों के बारे में बता सकते हैं, इसके लिए उन्हें एक फॉर्म भरना होगा.

वे ऑनलाइन 'क्यूआर कोड' के जरिए भी रिस्पॉन्स दे सकते हैं. पुरी पुलिस ने ट्वीट किया, 'हमारी अपील है कि अपने अनुभव हमारे साथ साझा कीजिए ताकि श्रद्धालुओं के लिए मंदिर में दर्शन के अनुभव को और बेहतर एवं सुगम बनाया जा सके.' कोविड-19 वैश्विक महामारी की दूसरी लहर के कारण 12वीं सदी के इस मंदिर को जनता के लिए 24 अप्रैल को बंद कर दिया गया था.

श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश करने से पहले फुल वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट या कोविड टेस्ट रिपोर्ट दिखानी होगी. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंदिर को फिर से खोलने से पहले बल और अधिकारियों की डिटेल्ड ब्रीफिंग की गई है. कोरोना दिशानिर्देशों के मुताबिक, सोमवार से शुक्रवार सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक सभी भक्तों को मंदिर में प्रवेश की अनुमति होगी. जबकि सफाई के लिए शनिवार और रविवार को मंदिर बंद रखा जाएगा.

लोगों की भीड़ से बचने के लिए प्रमुख त्योहारों के दौरान मंदिर को बंद कर दिया जाएगा. मंदिर में आने वाले भक्तों के लिए वैक्सीन सर्टिफिकेट या कोविड की नेगेटिव टेस्ट रिपोर्ट लाना जरूरी होगा. हालांकि यह ध्यान रहे कि कोविड रिपोर्ट 96 घंटे से ज्यादा पुरानी नहीं होनी चाहिए.

## अफगानिस्तान पर 26 को सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

» पीएम ने दिया विदेश मंत्री को सभी दलों को जानकारी देने का निर्देश

» अफगानिस्तान में निवेश, तालिबान सरकार को मान्यता पर सरकार रखेगी अपना पक्ष



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अफगानिस्तान में बिगड़ते हालात के बीच सरकार ने 26 अगस्त को सर्वदलीय बैठक बुलाने का फैसला किया है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेश मंत्रालय को विभिन्न दलों को अफगानिस्तान से जुड़े घटनाक्रमों की जानकारी देने का निर्देश दिया। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर विभिन्न दलों के नेताओं को अफगानिस्तान से जुड़े घटनाक्रमों से अवगत कराएंगे। इस दौरान सरकार अफगानिस्तान में निवेश, तालिबान सरकार को मान्यता सहित अन्य मुद्दों पर अपना पक्ष रखेगी।

सर्वदलीय बैठक के संबंध में विदेश मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने ट्वीट कमाध्यम से अलग-अलग जानकारी दी। जयशंकर ने कहा कि अफगानिस्तान के घटनाक्रम को देखते हुए पीएम मोदी ने विदेश मंत्रालय को राजनीतिक दलों के फ्लोर लीडर्स को जानकारी देने का निर्देश दिया है। इसके तत्काल बाद जोशी ने बताया कि बैठक बृहस्पतिवार को पूर्वाह्न 11 बजे होगी। इस बैठक में विदेश मंत्री विपक्ष के सभी सवालों का जवाब देंगे।

**विपक्ष स्थिति स्पष्ट करने की कर रहा था मांग-** अफगानिस्तान में तालिबान के वर्चस्व के बाद से ही विपक्ष सरकार से लगातार स्थिति स्पष्ट करने की मांग कर रहा था। गौरतलब है कि भारत ने अब तक तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है। इसके अलावा अफगानिस्तान पर व्यापक निवेश किया है। सरकार ने अब तक तालिबान शासन के संबंध में कोई बयान नहीं दिया है।

**फिलहाल बचाव कार्य पर सरकार की नजर-** अफगानिस्तान को ले कर सरकार देखो और इंतजार करो की रणनीति पर आगे बढ़ रही है। अब तक पाकिस्तान को छोड़ कर किसी भी देश ने तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है। इस समय सरकार का सारा ध्यान वहां फंसे अपने नागरिकों के साथ अल्पसंख्यक सिख समुदाय के लोगों को बाहर निकालने की है। भारत को प्रतिदिन दो फ्लाइटों के परिचालन की अनुमति मिली है। इसके तहत अब तक 500 लोगों को स्वदेश लाया गया है।

## दिल्ली में पर्यावरण मंजूरी के बिना हाई-वे बनाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस

» चार सप्ताह में जवाब तलब

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने बिना पर्यावरण मंजूरी के दिल्ली के द्वारका से होकर गुजरने वाले राजमार्ग परियोजना के निर्माण के खिलाफ दायर याचिका पर नोटिस जारी किया है. जिसपर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने नोटिस जारी कर चार सप्ताह में एनएचएआई समेत अन्य से जवाब तलब किया. वकील प्रशांत भूषण ने दलील दी कि हाई के दिन-रात निर्माण होने से वहां का हरित क्षेत्र में बर्बाद हो रहा है.

उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने कहा कि किसी मौजूदा सड़क को नेशनल हाईवे बनाने के लिए किसी मंजूरी की आवश्यकता नहीं है. पेड़ काटने, सार्वजनिक परामर्श या पर्यावरण मंजूरी के लिए बिना किसी वैध अनुमति के वे निर्माण कर रहे हैं और वो भयावह है.

मालूम हो कि दिल्ली में द्वारका से होकर गुजरने वाले हाईवे के अलावा दिल्ली और मुंबई को जोड़ने वाले हाईवे पर भी तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है. सड़क मार्ग से जोड़ने वाले दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के काम को साल 2023 तक खत्म करने का लक्ष्य साधा गया है. अगर निर्धारित किए गए समय पर सड़क बना दी जाती है तो यात्री दो साल बाद अपने वाहन से सिर्फ 12 घंटे का सफर तय करके दिल्ली से मुंबई पहुंच सकेंगे.

## नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की 'आजादी के अमृत महोत्सव' सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों की योजना

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय 23 से 27 अगस्त तक आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत अनेक गतिविधियों का आयोजन कर रहा है।

सप्ताह के दौरान किसानों तथा रूफटॉप सोलर चरण 2 के उपभोक्ताओं को पीएम-कुसुम की जानकारी देने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। ये दोनों योजनाएं मार्च 2019 में लॉच की गई थीं और देश में अनेक राज्यों द्वारा इन्हें लागू किया जा रहा है।

प्रशिक्षण सत्र, वेबीनार, पैनल चर्चा, लाभार्थियों के साथ बातचीत सहित ऑनलाइन कार्यक्रम के अतिरिक्त कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए ऑफ लाइन कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

सप्ताह के दौरान विभिन्न राज्यों द्वारा विभिन्न गतिविधियां चलाए जाने के अतिरिक्त सप्ताह के दौरान अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।

चंडीगढ़ नवीकरणीय ऊर्जा सोसायटी उपभोक्ता पंजीकरण तथा रूफटॉप एप्लीकेशनों की प्रोसेसिंग के लिए ऑनलाइन पोर्टल लॉच करेगी।

सप्ताह के दौरान सोलर एम्बेसडर रूफटॉप उपभोक्ताओं से बातचीत करेंगे और उन्हें विभिन्न राज्यों में रूफटॉप सोलर प्रणाली लगाने के लाभ और प्रक्रिया की जानकारी देंगे। सोलर एम्बेसडर रूफटॉप सोलर की स्थापना से संभावित क्षमता, बिजली उत्पादन और बचत की रिपोर्ट करेंगे।

जिन उपभोक्ताओं ने पहले से सोलर रूफटॉप लगवा रखे हैं वे एक सामान्य फोटो फ्रेम का उपयोग करते हुए अपनी रूफटॉप सोलर प्रणाली के साथ अपनी सेल्फी लेंगे और सोशल मीडिया पर अपलोड करेंगे।

जानी-मानी हस्तियों तथा योजना के लाभार्थियों के वीडियो संदेश की भी योजना बनाई जाएगी। जिन उपभोक्ताओं ने पहले से सोलर रूफटॉप लगवा रखे हैं और इसका लाभ उठा रहे हैं उन्हें अवसर दिया जाएगा। सूचना सोशल मीडिया पर भी पोस्ट की जाएगी।

अब तक 20 राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों ने सोलर सिटी के रूप में विकसित किए जाने वाले शहरों को चिन्हित किया है। इसके अतिरिक्त कोणार्क और मोढेरा (सूर्य मंदिर शहर) सोलर शहर के रूप में विकसित किए जाने की प्रक्रिया में हैं। इन शहरों में नियोजित और क्रियान्वित की जाने वाली विभिन्न परियोजनाओं पर राज्यों के साथ एक घंटे का सत्र आयोजित किया जाएगा। इसमें विभिन्न हितधारकों की भागीदारी होगी।

विकेंद्रित नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक एप्लीकेशनों के लाभार्थियों और ग्राम स्तरीय उद्यमियों के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में बड़ी भागीदारी ग्राम स्तर की महिला उद्यमियों की होगी।

आजीविका में विकेंद्रित नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक एप्लीकेशनों के बारे में ज्ञान और जागरूकता पैदा करने के लिए इस क्षेत्र में काम कर रहे गैर-सरकारी संगठनों/स्व-समूह के साथ एक ऑनलाइन सत्र आयोजित किया जाएगा।

ऑफ-ग्रिड सोलर लाभार्थियों (एमएनआरई योजनाओं के तहत प्रदान किए गए सोलर स्ट्रीट लाइट और सोलर स्टडी लैंप) से प्रतिक्रिया प्राप्त करने और ऑफ-ग्रिड सोलर एप्लीकेशनों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए उत्तर प्रदेश, असम, जम्मू और कश्मीर और मिजोरम राज्य के लाभार्थियों के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया जाएगा।

पीएम-कुसुम के लिए तैयार जन जागरूकता तथा कम्युनिकेशन सूचना का प्रसार किया जाएगा।